मुख्यमंत्री ने रायपुर में गहोई भवन का किया लोकार्पण

चर्चा में क्यों?

5 मार्च, 2023 को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश की राजधानी रायपुर में एम्स के समीप टाटीबंध में रायपुर के श्रीगहोई वैश्य समाज द्वारा बनवाए गए नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बताया कि एम्स में मरीजों के इलाज के दौरान मरीजों और उनके परिजनों के रुकने की व्यवस्था के लिये श्रीगहोई वैश्य समाज द्वारा यह भवन बनवाया गया है।
- उन्होंने बताया कि नवनिर्मित भवन के बनने से दूसरे समाज के लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा। छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ के बाहर दूसरे राज्यों से आने वाले मरीजों के लिये यह भवन काफी उपयोगी होगा। कई बार इलाज के लिये काफी समय के लिये रुकना पड़ता है, ऐसे में इस भवन के माध्यम से मरीजों और उनके परिजनों की रुकने की समस्या का समाधान हो सकेगा और उन्हें काफी राहत प्रदान करेगा।
- मुख्यमंत्री ने बताया कि समाज का यह कार्य उच्चकोटि की मानव सेवा है। कोई भी समाज जिसके पास जमीन नहीं है, उन्हें सामाजिक कार्यों के लिये निर्धारित राशि देने पर भू-खंड दिया जा रहा है। कलेक्टर गाइडलाइन को भी 30 प्रतिशत कम कर दिया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-minister-inaugurated-gahoi-bhawan-in-raipur